

विश्व के 100 सर्वश्रेष्ठ परियोजना में शामिल है दंतेवाड़ा जिले का एजुकेशन सिटी



हरिभूमि
# वनांचल भूमि
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

# आदिवासी बच्चों की पढ़ाई के लिए सरपंच ने दी साढ़े 22 एकड़ जमीन दान

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

नववर्ष पर खास

दंतेवाड़ा जिले के एक छोटे से गांव जावंगा में बना एजुकेशन सिटी विश्व के 100 सर्वश्रेष्ठ परियोजना में शामिल है। पूरी तरह आवासीय विद्यालय में तब्दील इस संस्था में लगभग 10 हजार बच्चे पढ़ाई कर अपना भविष्य संवार रहे हैं। तत्कालीन कलेक्टर तथा वर्तमान में ▶▶|शेष पेज 10 पर

## समाज के हित के लिए 100-200 एकड़ जमीन दे सकता हूं

*बोमड़ा कवासी कहते हैं मेरे गांव जावंगा में जमीन की कमी नहीं है, 350 साल से हमारा दादा-परदादा का यह गांव है तभी से सरपंच और कोटवार मेरा ही परिवार का सदस्य बनता आ रहा है। 4 बार मैं और 2 बार मेरी पत्नी सरपंच रहे अब* ▶▶|शेष पेज 10 पर

- 100 एकड़ में बने जावंगा के एजुकेशन हब में पढ़ रहे 10 हजार बच्चे
- आदिवासी अंचल में शिक्षा के क्षेत्र में बनी सबसे बड़ी संस्थान में एक आदिवासी का बड़ा योगदान





## शिक्षा का परिणाम लंबे समय में दिखता है

अटल बिहारी बाजपेई एजुकेशन सिटी के शिल्पी ओपी चौधरी ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि एक ही जगह 100 एकड़ क्षेत्र में लगभग 100 करोड़ की लागत से शिक्षा का भव्य मंदिर तैयार करना कठिन तो था, लेकिन असंभव नहीं था। बोमड़ाराम कवासी जैसे जागरूक, ऊंची सोच और दिलदार व्यक्ति का सामने आना इस परियोजना के लिए रास्ता आसान करता गया। उन्होंने कहा शिक्षा ऐसा क्षेत्र है जिसका परिणाम देर से दिखाई पड़ता है। यहां का छात्र सुकालू मंडावी 12वीं पास करने के बाद बनारस हिन्दू यूनिर्वसिटी तक पहुंचा और भी कई युवा हैं जो यहां पढ़कर ऊंचे पदों में काम कर रहे हैं।


## वरना नक्सली उड़ा देते



गरीब आदिवासी बच्चों के भविष्य के लिए बोमड़ा कवासी मजबूती के साथ सामने आया। नियत और सोच अच्छी थी वरना इसे नक्सली उड़ा देते। सभी ओर से आए विरोध को हम सबने मिलकर दूर किया। इसमें बोमड़ा कवासी का योगदान सर्वाधिक है। जिला प्रशासन और एनएमडीसी का इस परियोजना में लगे धन को जुटाने में काफी बड़ा योगदान रहा।

**-ओपी चौधरी**
शिल्पी एजुकेशन सिटी

## खबर संक्षेप



### भाजपा युवा मोर्चा कोंडागांव की 1 दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**कोण्डागांव।** भाजपा युवा मोर्चा जिला कोंडागांव में 1 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अथिति के रूप में प्रदेश प्रवक्ता व भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र नाग उपस्थित रहे। साथ ही कोंडागांव के नगरपालिका के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, जिला प्रभारी गोलू तिवारी और प्रदेश कार्यसिमिति सदस्य जितेंद्र सुराना, भाजपा जिला महामंत्री व युवा मोर्चा प्रभारी आकाश मेहता,एवं युवा मोर्चा के सभी 10 मंडल के अध्यक्ष व सभी पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। अध्यक्षीय उद्बोधन जिला महामंत्री विकास दुआ द्वारा दिया गया। मंच संचालक जिला महामंत्री नागेश देवांगन द्वारा किया गया। आभार व्यक्त प्रदेश कार्यसिमिति सदस्य गामा जायसवाल द्वारा किया गया। आने वाले आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के तहत सभी मंडल एवं बूथ सशक्तिकरण के तहत बैठक रखी गई।

### खाद्य निरीक्षक निलंबित

**बीजापुर।** वित्तीय पोषण राशि में अनियमितता पाए जाने पर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने भोपालपटनम ब्लॉक में पदस्थ खाद्य निरीक्षक मनोज कुमार सारथी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सोशल मीडिया पर जारी समाचार, वीडियो के अवलोकन एवं श्रवण से शासकीय उचित मूल्य दुकान सचालकों को प्रदाय किये जाने वाली वित्तीय पोषण राशि में अनियमितता किये जाने एवं प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाया गया, जिस पर छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधानों के प्रतिकूल कदाचरण की श्रेणी में पाया गया। इसलिए मनोज कुमार सारथी, खाद्य निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय तहसील कार्यालय उसूर नियत किया गया है।

### मधु तिवारी को मिला भारत रत्न अटल सम्मान 2023


**कोण्डागांव।** रचनाकार मंच एवं अंतरराष्ट्रीय महिला मंच द्वारा प्रदेश की न्यायधानी बिलासपुर के रीगल होटल सभागार में प्रदेश के शिक्षक साहित्यकारों की कविताओं के



साझा संग्रह का विमोचन व सम्मान समरोह आयोजित किया गया। नेशनल राइटर्स एंड टीचर्स अवॉर्ड सेरेमनी में विश्व ऋृहदी रचनाकार मंच के अध्यक्ष राघवेन्द्र ठाकुर व अन्य आमत्रिरत अतिथियों के कर कमलों से कोंडागांव की शिक्षिका साहित्यकार मधु तिवारी को उनके साहित्यिक अवदान, साहित्य के विभिन्न प्रकल्पों कवित लेखन, कहानी ,बाल कविताएं, साक्षात्कार, साहित्य को बालोपयोगी बनाकर बच्चों की साहित्यिक रूचि जागृत करने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए अटल काव्य रत्न सम्मान से विभूषित किया गया।

## देश की इस शीर्ष महिला फुटबाल क्लब के साथ जुड़ी दोनों फुटबालर

# सुदूर गांव की आदिवासी छात्राओं ने कर दिया कमाल, राष्ट्रीय फुटबाल में दिखाया जलवा



अनिल सामंत ▶▶| जगदलपुर

नववर्ष पर खास

बस्तर की आदिवासी बेटी पिंकी कश्यप को देश की महिला फुटबाल लीग चैंपियन गोकुलम केरला ने अनुबंधित किया है। अनुबंध तीन साल के लिए है। महिला फुटबाल में देश के टाप क्लब से जुड़ने वाली पिंकी छत्तीसगढ़ की इकलौती खिलाड़ी हैं। क्लब से पिंकी को अच्छी रकम मिलेगी और उसकी पढ़ाई-लिखाई सहित अन्य सभी खर्चे क्लब वहन करेगी। फुटबाल जैसे खेल को न सिर्फ चुना, बल्कि महारत हांसिल भी की। ढेर सारा अभ्यास और थोड़ा सा प्रशिक्षण मिला तो दायरा ▶▶|शेष पेज 10 पर



### पिंकी का तीन बार राष्ट्रीय फुटबाल में चयन

माता रुकमणी सेवा संस्थान डिमरापाल द्वारा बालिकाओं को फुटबाल में आगे बढ़ाने के लिए माता रुकमणी महिला फुटबाल क्लब (एमआरएफसी) बनाया गया है। यह क्लब वर्तमान में छत्तीसगढ़ इकलौती लीग चैंपियन है। पिंकी कश्यप इस क्लब की कप्तान रही है। पिकी, माता रुक्मिणी सेवा संस्थान की टीम की ओर से तीन बार राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय शालेय सुब्रतो कप महिला फुटबाल प्रतियोगिता में खेल चुकी है। इसके साथ ही वह देश के विभिन्न क्षेत्रों में एमआरएफसी और छत्तीसगढ़ की टीम के लिए खेल चुकी है।

### गरीबी की वजह से मां ने भेजा आश्रम

*गरीबी की वजह से मां ने खुद से दूर कर बेटी को आश्रम भेजा, फिर वहीं पली-बढ़ी पिकी संस्थान में 12 वीं तक शिक्षा ग्रहण कर 17 वर्षीय पिंकी जगदलपुर से 30 किलोमीटर दूर बस्तर विकासखंड के छोटे से आदिवासी गांव बागमोहलई की रहने वाली हैं। अपने माता-पिता की वह इकलौती संतान हैं। मां मासोबाई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है पिता श्रमिक हैं। गरीबी के कारण मासोबाई पिंकी को अपने पास रखकर पढ़ा नहीं सकती थी, इसलिए उन्होंने दिल पर पत्थर रखकर बेटी को माता रुक्मिणी सेवा संस्थान डिमरापाल में एमआरएफसी की स्थायी सदस्य रही।*

# कोलकाता के गेंदे व गुलाब फूलों से सजा दंतेश्वरी मंदिर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नए वर्ष पर दंतेवाड़ा के मां दंतेश्वरी मंदिर को कोलकाता से मंगाए गए गेंदा एवं गुलाब से सजाया गया है। रविवार को मंदिर को धुलाया गया, उसके बाद मंदिर को सजाया गया।

- नए वर्ष में विशेष दर्शन के लिए भक्तों की लगेगी पृथक लाइन

साथ ही भक्तों के लिए विशेष दर्शन की व्यवस्था की गई, जिसके लिए पृथक लाइन की जाएगी। विशेष दर्शन वाले भक्तों को लगभग 7 सदस्यों के परिवार को 2100 रुपए एवं 2-3 सदस्यों के परिवार को 1100 रुपए का रसीद लेना होगा, क्योंकि विशेष दर्शन में अलग से अनुष्ठान एवं पूजा आदि किया जाएगा। इसमें वीआईपी की लाईन नहीं होगी, विशेष दर्शन वालों के अलावा सभी भक्त लाईन में



रहेंगे। दंतेवाड़ा के मां दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी विजेन्द्र नाथ जिया ने बताया कि भक्तों के लिए मां दंतेश्वरी मंदिर में नए वर्ष में 6 पुजारी एवं 12 सेवादार मंदिर में रहेंगे और मंदिर का दरवाजा सुबह 7 बजे से रात 11.30 बजे तक खुला रहेगा।

### सुबह खुले रहेंगे कपाट

शहर के मां दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी प्रेम पाढ़ी ने बताया कि नए वर्ष के पहले दिन मंदिर का दरवाजा सुबह से खुले रहेंगे। नए वर्ष पर मां के दर्शन के लिए सुबह से भक्तों की लाइन लगी रहती है, इसलिए मंदिर को फूलों से सजाया गया है।

# पुराने की विदाई नए साल के स्वागत में पर्यटकों की भीड़ से चित्रकोट गुलजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नववर्ष पर खास

नए साल का जश्न मनाने और 2023 की विदाई के लिए बड़ी संख्या में पर्यटकों का जमावाड़ा शहर समेत यहां के सभी पर्यटन स्थलों में दिखाई पड़ रहा है। चित्रकोट में मेला जैसा माहौल है वहां का दण्डामी माड़यिा रिसोर्ट डेढ़ माह पहले से ही ऑन लाइन बुकिंग से पैक है। वहीं पीडब्ल्यूडी का रेस्ट हाउस, एक लॉज, दो बड़े होम स्टे सहित टेंट भी पूरी तरह फुल है। वहीं शहर के सभी होटल और लॉज के सभी कमरे फुल हैं। 31 दिसंबर को रविवार होने के कारण चित्रकोट में पर्यटकों का जनसैलाब दिखाई पड़ा। वाटर फॉल के पास और नीचे नौकायान का मजा लेने लोगों की भीड़ रही। इस बार सुरक्षा की भी माकुल व्यवस्था की गई है। सप्ताहभर पहले तहसील कार्यालय लोहण्डीगुड़ा में एसडीएम, एसडीओपी, थानेदार और तहसीलदार की मौजूदगी में सभी ढाबा और होटल एवं होम स्टे संचालकों को बुलाकर समझाईश दी गई कि ▶▶|शेष पेज 10 पर


*कविता ने बस्तर के 1500 बच्चों को दिया जूडो का प्रशिक्षण*

# जूडो ब्लैक बेल्ट कविता बालिकाओं को बना रही आत्मनिर्भर

महेन्द्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर



जूडो-कराटे में ब्लैक बेल्ट बस्तर की प्रतिभावान बेटी कविता ठाकुर बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद कर रही है। कराटे चैंपियन कविता ने 30 बार चैंपियन में से राष्ट्रीय स्तर पर 30 बार छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया है। साथ ही लगभग 1500 छात्राएं के लगभग जूडो कराटे का प्रशिक्षण लिया है। स्कूल खेल के ओपन में राज्य स्तर पर वर्ष 2001 से अभी तक पदक जूडो कराटे में पदक प्राप्त 30 चैंपियन में से राष्ट्रीय स्तर पर 30 बार छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया है। साथ ही कराते में प्रथम स्थान प्राप्त







नववर्ष पर खास

हुआ है, वर्ष 2004 में ऑल इंडिया कराटे जूडो की ब्लैक बेल्ट की उपाधि प्राप्त की। बस्तर जिले में सबसे छोटी ब्लैक बेल्ट वर्ष 2006 में ओपन एशियाई कराटे प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था, उसके बाद भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वर्ष 2006 से में बस्तर के कई छात्राओं को प्रशिक्षण देकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करवाया। वे आज भी कई छात्राएं और छात्राओं को कराटे जूडो का प्रशिक्षण ले रहे रहे हैं। वर्ष 2012 में खेल उपलब्धियों के चलते खेल कोटा से माता रुक्मणी सेवा संस्थान डिमरापाल बस्तर शिक्षिका के पद में नियुक्ति हुई, जो वर्तमान में विनोबा आदिवासी कन्या आश्रम चारामा कांकेर में ▶▶|शेष पेज 10 पर

### मुहिम में माता व कोच का सहयोग

कविता स्कूलों में बालिकाओं को कराटे प्रशिक्षण के जरिए आत्मविश्वास का जोश भर रही है। उसने कहा कि बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की इस मुहिम में उसकी माता एवं जूडो के कोच का पूरा सहयोग मिल रहा है, जिससे वह अपने सपनों की मंजिल की तरफ आगे बढ़ रही है।

## नारायणपुर के कलेक्टर के प्रयास को डीईओ ने पहनाया अमलीजामा

# कौन कहता है बस्तर के अबूझमाड़ में अबुझो का वास बच्चियां चंद सेकंड में बुझा देती हैं गणित के सवाल

ओरछा की बच्चियां पलक झपकने के पहले ही कठिन गणित के सवाल उंगली के इशारे से करती हल

अनिल सामंत ▶▶| जगदलपुर

नववर्ष पर खास

कौन कहता है बस्तर के अबूझमाड़ में अबूझ लोग बसते है। जब हम और आप इस सुदूर अंचल के छोटे से गांव के स्कूल में पहुंचेंगे तो मन मे पाले सभी शंका-कुंशका खुद-ब-खुद दूर हो जाएगी। ऐसी सोच रखने वाले शहरी क्षेत्र के लोगों के होस उड़ जाएंगे, जब इलाके के छोटे से गांव के बच्चियां गुरुजी के मौखिक अंकगणित के कठिन सवाल को पलक झपकने के पहले ही उंगलियों के इशारे पर हल कर देती है। हम बात कर रहे हैं नारायणपुर जिले के ओरछा ब्लॉक के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ▶▶|शेष पेज 10 पर



### जिले के स्कूली बच्चे दिमागी गणित में ट्रेंड

नारायणपुर के कलेक्टर अजित बसंत सर के प्रयास से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में प्राथमिक, माध्यमिक और हाई और हायर सेकंडरी स्कूल के बच्चों को मास्टर माइंड अबेकस एकेडमी भोपाल के मास्टर ट्रेनरों से अंक गणित के सवाल दिमाग से त्वरित हल करने का प्रशिक्षण दिया गया। अबेकस के पहल पर राज्य स्तरीय अबेकस स्पर्धा की गई। जिसमे जिले के बड़ी संख्या में बच्चों का राज्य स्तरीय अबेकस स्पर्धा के लिए चयन हुआ। क्षेत्र के शिक्षक-शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**-राजेन्द्र झा,**
जिला शिक्षाधिकारी, नारायणपुर

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124

## खबर संक्षेप

### गणेशपुर में मड़ई 5 को

**जीजामगांव।** ग्राम गणेशपुर में 5 जनवरी शुक्रवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम सुर सरिता कोपेडीह अभनपुर की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच प्रतिनिधि कल्याण यादव ने दी है।

### खरतुली में 5 जनवरी से रामायण सम्मेलन

**धमतरी।** ग्राम खरतुली में ग्रामवासियों के सहयोग से5, 6 और 7 जनवरी को रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ख्याति प्राप्त मानस मंडली भगवान राम की महिमा का बखान करेगी। 8 जनवरी को मड़ई का कार्यक्रम रखा गया है। इस उपलक्ष्य में ग्राम नीचेकोढहा अम्बागढ़ चौकी का नाचा होगा। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के उपाध्यक्ष मदन साहू ने दी है।

### दरगहन सलोनी में मड़ई 7 को

**नगरी।** ग्राम दरगहन सलोनी में ग्रामवासियों के सहयोग से 7 जनवरी रविवार को मेला मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन हेतु मोर गाव के भुंईया नाचा पार्टी माउलीभाटा जिला नयापारा ओडिसा का आयोजन किया गया है। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष चैनसिंग साहू, भानसिंग साहू, मैकूराम साहू और टिकेश्वर साहू ने दी है।

### चयन परीक्षा 10 मार्च को आवेदन 25 जनवरी तक

**धमतरी।** जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिये 10 मार्च को चयन परीक्षा आयोजित की जायेगी, जिसके लिये इच्छुक विद्यार्थियों से 25 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को वर्तमान में कक्षा 5 वीं में नियमित अध्ययनरत होना तथा कक्षा 4थीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया होना अनिवार्य है।

# कलेक्टर श्री सोनी ने की प्रधानमंत्री आवासों के निर्माण की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर दीपक सोनी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में निर्माणाधीन आवासों के प्रगति की समीक्षा की। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने आवासों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले में स्वीकृत 15994 आवासों में 7455 आवासों का निर्माण पूर्ण होने के बाद अब 8539 आवासों का निर्माण प्रगतिरत है। शासन द्वारा शीघ्र ही जिले में 30 हजार से अधिक आवासों के निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की जाएगी। नए आवासों के निर्माण की स्वीकृति के पहले ही इन सभी निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में निर्माणाधीन तथा स्वीकृत किए जाने वाले आवासों की संख्या को देखते हुए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना

**स्वीकृत आवासों का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश**



आवश्यक है। उन्होंने भवन निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री की उपलब्धता के लिए स्थानीय स्व सहायता समूहों को व्यवसाय के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही ग्राम पंचायतों को तैयारी करना चाहिए। छत ढलाई के लिए सेंट्रिंग की उपलब्धता किराए में की जा सकती है, जिससे ग्राम पंचायतों की आय में भी वृद्धि होगी।

### हितग्राहियों को राहत मिलेगी

आवासों के निर्माण से जहां हितग्राहियों को राहत मिलेगी, वहीं गांव के विकास में भी प्रगति आएगी। उन्होंने सभी विकासखण्ड समन्वयकों को आवास निर्माण के प्रगति का जायजा लेने के लिए प्रतिदिन भ्रमण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा मनरेगा के जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी सहित सरपंच व सचिव उपस्थित रहे।

### जिले के 10 ग्राम पंचायतों में किया गया ड्रोन कृषि तकनीक प्रदर्शन

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीणों को बताया जा रहा ड्रोन कृषि का तरीका





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले के सभी ग्रामों में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव खेतों में करने का प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसके तहत अब तक कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार 10 ग्राम पंचायतों में ड्रोन के माध्यम से कृषि का प्रदर्शन एवं जैविक कृषि तकनीकों के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गयी है। इसके साथ ही किसानों के खेतों में कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में डेमोंस्ट्रेशन किया जा रहा है। इस संबंध में कृषि विभाग के अधिकारी द्वारा किसानों को बताया गया कि ड्रोन से बेहतर दक्षता के साथ भूमि के बड़े क्षेत्रों को जल्दी और कुशलता से नैनो यूरिया का छिड़काव किया जा सकता है। इसका सार्थक लाभ यह होता है कि किसानों कम लागत लगेगी और खेतों में फसल की पैदावार बेहतर होगी इसके साथ ही फसल स्वास्थ्य पर डेटा इकट्ठा करने के लिए ड्रोन का उपयोग किया जा सकता है। जिससे किसानों को उन क्षेत्रों की पहचान करने की अनुमति मिलती है, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। किसानों को कम लागत का भी लाभ मिलता है। ड्रोन खेत के उन क्षेत्रों को पहचान करके लागत कम करने में मदद कर सकते हैं, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। किसानों को खेत में छिड़काव करने के लिए अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ेगी, इसके साथ ही कीटनाशकों और अन्य रसायनों का उपयोग को कम करना है। ड्रोन के उपयोग का लाभ कृषि कार्य हेतु घुलनशील रसायन एवं कीटनाशकों का छिड़काव हेतु उपयोग। कृषि कार्य हेतु ड्रोन के माध्यम से 10 मिनट में ही एक एकड़ खेत में छिड़काव किया जाता सकता है। आवश्यकता अनुसार रहेगा कृषि कार्य हेतु ड्रोन को जीपीएस के माध्यम से सही जगह एवं दिशा में रखा जा सकता है। जिससे निर्धारित क्षेत्र में स्प्रे किया जा सकता है। इसके साथ ही ड्रोन का फ्लाइट समय बैटरी पावर पर निर्भर करेगा। इस प्रयास की सरहाना विधायक कोण्डागांव लता उसेण्डी द्वारा नेवता में ड्रोन प्रदर्शन देखकर किया है। किसानों में ड्रोन के प्रति विशेष उत्साह देखा जा रहा है। गांव गांव में ग्रामीण ड्रोन द्वारा कृषि विधियों को जानने के लिए सैकड़ों की संख्या में शिविरों में पहुंच रहे है।

# तेज रफ्तार बाइक व स्कूटी में टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शनिवार देर शाम हुए सड़क हादसे में शहर के युवा फुटबॉल खिलाड़ी की मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही शहर के खेल प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



जानकारी के मुताबिक हादसा शनिवार शाम 7.30 बजे के लगभग गुरूगोविंद सिंह चौक व कोर्ट तिराहे के बीच एचडीएफसी बैंक के सामने हुआ। तेज रफ्तार स्कूटी व बाइक के बीच यह टक्कर हुई, जिसमें स्कूटी सवार अरूण कुमार डे 32 वर्ष निवासी अटल बिहारी वार्ड धरमपुरा की मौत हो गई। वहीं स्कूटी में सवार उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं हादसे के बाद बाइक सवार घटनास्थल से फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। मृतक अरूण कुमार डे होनहार फुटबॉल खिलाड़ी था, जिसकी मौत की खबर से खेल प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई। बोधघाट थाना प्रभारी डीएसपी विशाल गर्ग ने बताया कि दुर्घटना करने वाले बाइक की पहचान कर ली गई है। वहीं धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है, जल्द ही आरोपी बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं अरूण की मौत की खबर लगते ही सोशल मिडिया वाट्सएप ग्रुप में शहर के युवा खिलाड़ियों द्वारा श्रद्धांजलि दी जाती रही। रविवार को पीएम के बाद उसका अंतिम संस्कार धरमपुरा मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में खेल से जुड़े युवा मौजूद रहे। वहीं खिलाड़ियों द्वारा सिटी ग्राउण्ड में सोमवार को शोकसभा का आयोजन किया गया है, जहां उसे श्रद्धांजलि दी जाएगी।


# धनोरा से भाटगांव मार्ग नदी पर पुलिया निर्माण का भूमिपूजन हुआ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

शनिवार को धनोरा से भाटगांव सड़क मार्ग पर पिछले कई वर्षों से धनोरा से देवगांव जाने वाले सड़क मार्ग पर भाटगांव के पास वाली नदी में वर्षा मौसम में बाढ़ आने पर उसी मार्ग से गुजरने वाले ग्रामवासियों को बनियागाव से गुमकर जाने में मजबूर थे, किंतु आने वाले वर्षों मौसम के पहले क्षेत्र वासियों के उन पुराने मांग केसकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने शनिवार को पुलनिर्माण की भूमी पूजन कर क्षेत्र वासियों के उन पुराने सपना आज पूरा करने सैकड़ों क्षेत्र वासियों के साथ पुलिया निर्माण के लिए भूमी पूजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नीलकंठ टेकाम, अध्यक्षता महेश्वरी कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि गणों में ललिता सेठिया, जनपद सदस्य, रोहित नाग जनपद सदस्य, वीरेंद्र बघेल जनपद सदस्य, राकेश मरकाम, सरपंच भाटगांव, भाजपा नेता आकाश मेहता, रमेश कुमार यादव, रामलाल सलाम वा अन्य बड़ी संख्या में कार्यकर्थागण उपस्थित रहे।

# नए वर्ष से पूर्व शराबी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करते हुए कोतवाली व ट्रेफिक पुलिस द्वारा 15 से अधिक वाहन चालकों के खिलाफ 185 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 10-10 हजार रूपए का जुर्माना करते हुए मामला न्यायालय में पेश किया गया है। वहीं मोटर व्हीकल एक्ट की अन्य धाराओं में कार्रवाई करते हुए 21 वाहन चालकों से हजारों रूपए समन शुल्क वसूला गया। ट्रैफिक डीएसपी संतोष जैन व कोतवाली प्रभारी लीलाधर राठौर ने बताया कि पिछले एक सप्ताह के अंदर दो दर्जन से अधिक शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। शराबी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए शहर के अंदर व बाहरी क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर वाहनों की जांच की जा रही है। इसी दौरान कोतवाली पुलिस द्वारा 11 मामले शराब पीकर वाहन चलाने वाले तथा 21 मामले यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ की गई। शराबी वाहन चालकों के खिलाफ 185 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 10-10 हजार रुपए का जुर्माना करते हुए मामला न्यायालय में भेजा गया है। वहीं अन्य 21 वाहन चालकों के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 17 हजार 9 सौ रूपए समन शुल्क वसूला गया। वहीं ट्रैफिक डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि शराबी वाहन चालकों के खिलाफ आधा दर्जन मामला दर्ज कर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना करते हुए मामला न्यायालय में भेजा गया है। इसके अलावा एमवी एक्ट के तहत 30 से अधिक मामला दर्ज कर समन शुल्क वसूला गया।



### शराबी वाहन चालकों पर रहेगी नजर

एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि नए वर्ष के जश्न के दौरान हुड़दंग मचाने वालों पर नजर रखी जा रही है। शराब पीकर या मारपीट करते मिलने पर उनका नया वर्ष जेल में गुजरेगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि नए वर्ष का जश्न शालिनता से मनाए ताकी दूसरों को दिक्कत न हो। नएवर्ष का जश्न मनाने वालों पर कार्रवाई करने के लिए शहर के अंदर व बाहरी क्षेत्रों में दर्जन भर फिक्स पाईंट बनाए गए है, जहां वाहन चालकों की तलाशी लेकर नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## आदिवासी बच्चों की...

छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री ओपी चौधरी 100 एकड़ में एजुकेशन सिटी की स्थापना कर बस्तर में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति जैसा अदभुत काम करने में सफल हुए हैं। इस काम को करना असंभव सा था, लेकिन जावंगा के सरपंच बोमड़ाराम कवासी ने बस्तर के आदिवासी अंचल के गरीब और अशिक्षित ग्रामीणों के नौनिहालों को न केवल शिक्षित बल्कि ऊंचे पदों पर पहुंचाकर आत्मनिर्भर बनने के काम में अभुतपूर्व योगदान दिया है। उन्होंने एजुकेशन सिटी के लिए अपनी साढ़े 22 एकड़ जमीन दान में दे दी। लेकिन उनके इस योगदान को ओपी चौधरी इससे भी ज्यादा बताते हैं। वे कहते हैं अपनी जमीन देने के साथ ही उन्होंने पूरे गांव वालों को इस शिक्षा दान के महाअभियान में शामिल होकर जमीन देने के लिए प्रेरित किया। अनेक ग्रामीणों को वन अधिकार पट्टा मिला हुआ था, जिन्हें समझाया गया कि उन्हें अन्य जगह उतनी ही जमीन दी जाएगी जो उनसे यहां ली जाएगी। वहीं कुछ लोगों को जमीन के बदले मुआवजा राशि लेने के लिए भी सरपंच बोमड़ाराम ने मनाया। हरिभूमि से चर्चा में सरपंच ने कहा सबसे पहले मेरे पास गुरूकुल के लिए तत्कालीन कलेक्टर रीना बाबा साहेब कंगाले मैडम जमीन के लिए आई थीं। उन्हें 5 एकड़ जमीन की जरूरत थी मैंने 12 एकड़ दे दी। लेकिन जब कलेक्टर ओपी चौधरी साहब एजुकेशन सिटी के लिए 100 एकड़ जमीन की जरूरत बताई तो किसी को विश्वास नहीं हुआ। ग्रामीणों को लगा कि यहां मिलेट्री का कैंप खुलेगा और इसका विरोध शुरू हो गया। कोई मानने को तैयार नहीं था कि 100 एकड़ में भी कोई शिक्षा का बड़ा काम हो सकता है। नक्सल क्षेत्र होने के कारण नक्सलियों तक भी बात पहुंची और सब काम बिगड़ गया था, लेकिन एजुकेशन सिटी का जो योजना थी वह वास्तव में शिक्षा के लिए ही पूरी तरह समर्पित थी। इसलिए हर विरोध को हमने समझा बुझाकर ठीक-ठाक कराया। सरपंच कवासी कहते हैं आज कटेकल्याण, कुआकोंडा, जगरगुंडा, उसूर और कुटरू जैसे दुरस्थ पिछड़े और नक्सल प्रभावित क्षेत्र के गांव के बच्चे अंग्रेजी में बात करते हैं तो लगता है इससे बड़ा धन कुछ हो नहीं सकता।

### समाज के हित के लिए 100...

2 बार से मेरी बेटी सरपंच है। पूर्वजों का हजार एकड़ जमीन हमारे पास है, इसलिए मेरी सोच है समाज हित और अच्छे काम के लिए 100-200 एकड़ जमीन और दे सकता हूं। अब

## पेज 9 के शेष

ओपी चौधरी साहब मंत्री बन गए हैं उनके सामने कृषि, संगीत या इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एजुकेशन सिटी के समान बड़ा प्रोजेक्ट का प्रस्ताव रखूंगा। डिमरापाल का मेडिकल कॉलेज को देखकर दुख होता है वहां की व्यवस्था और संचालन बहुत खराब है इसलिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में जमीन देना बेकार है यह मेरी सोच है।

### सुदूर गांव की...

तोड़कर राष्ट्रीय स्तर पर आ पहुंची। हाल ही में महिला फुटबाल लीग चैंपियन गोकुलम केरला के साथ अनुबंध हुआ है। अब वह देश की इस शीर्ष महिला फुटबाल क्लब के साथ खेलेंगी। गोकुलम केरेला तीन बार महिला फुटबाल लीग में नेशनल चैंपियन रही हैं। इस क्लब से कुछ विदेशी खिलाड़ी भी खेलती हैं। इसके पहले पिंकी कश्यप केरला के ही एक क्लब केरला ब्लास्टर के लिए खेल चुकी हैं। केरला ब्लास्टर के लिए एक मैच में कप्तानी भी कर चुकी हैं। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए गोलकुम केरला क्लब ने उन्हें अपनी टीम का हिस्सा बना लिया है। जिंदगी की सारी कठिनाइओं को पैरों पर नचाते हुए वह आगे बढ़ रही है। कठिनाइयों को पास दिया, उम्मीदों पर आगे बढ़कर शाट लगाया और फिर जिंदगी के गोलपोस्ट पर गोल दाग दिया। यह हैं छत्तीसगढ़ बस्तर इलाके की आदिवासी बेटी पिकी कश्यप। नक्सल प्रभावित इलाके में रहकर सीमित संसाधनों के बीच फुटबाल जैसे खेल को न सिर्फ चुना, बल्कि महारत हासिल भी की।

देश प्रदेश का नाम ऊंचाइयों पर ले जाने में सक्षम

एमआरएफसी के पूर्व कोच योगेश ने कहा कि बस्तर की खिलाड़ी बहुत प्रतिभावान हैं। इन्हें उचित अवसर और प्रशिक्षण मिले तो ये बस्तर ही नहीं देश-प्रदेश का नाम उंचाइयों पर ले जाने में सक्षम हैं। अभी वह 12 वीं की छात्रा है। यह संस्थान 94 वर्षीय पद्मश्री धर्मपाल सैनी चलाते हैं। संस्थान के बस्तर संभाग में 36 आवासीय बालिका आश्रम और स्कूल है। संस्थान द्वारा खेल के क्षेत्र में बालिकाओं को आगे बढ़ाने के कई प्रयास किए जा रहे हैं। 2005 में माता रुक्मिणी महिला फुटबाल क्लब की स्थापना की गई। आश्रम की बालिकाएं क्लब से जुड़कर आगे बढ़ रही हैं।

**चैंपियन है गोकुलम क्लबः** गोकुलम केरल कोझिकोड, केरल का पेशेवर क्लब है। 2017 में स्थापित इस क्लब का स्वामित्व गोकुलम ग्रुप आफ कंपनीज के पास है। इसका मुख्यालय चेन्नई में है। यह तीन बार महिला फुटबाल लीग की नेशनल चैंपियन है।

प्रियंका मुंबई के क्लब से जुड़ीः माता रुक्मिणी महिला फुटबाल क्लब की ही एक अन्य खिलाड़ी 19 वर्षीय प्रियंका कश्यप को महाराष्ट्र महिला फुटबाल लीग चैंपियन मुंबई नाइटर्स क्लब ने अनुबंधित किया है। प्रियंका मुंबई में हैं और अपने खेल से प्रभावित कर रही हैं। तोकापाल ब्लाक के ग्राम राजूर की प्रियंका के पिता रमेश कश्यप लघु किसान और माता गृहिणी हैं। गरीबी के कारण प्रियंका को नौ साल की उम्र में पिता ने माता रुक्मिणी सेवा संस्थान में भर्ती करा दिया था। अभी प्रियंका पीजी कालेज धरमपुरा में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा है। पिंकी और प्रियंका दोनों अपने विद्यालय के ही माता रुक्मिणी महिला फुटबाल क्लब से पिछले छह साल से खेलती रही है। बस्तर के छोटे से गांव से निकलकर देश की महिला फुटबाल के नामी क्लबों से जुड़कर इन बेटियों ने ऊंची छलांग लगाकर घर-परिवार और बस्तर का नाम रोशन किया है। क्लब अनुबंध पर लेता है देशभर के श्रेष्ठ खिलाड़ियों को मुंबई का पेशेवर क्लब इंडियंन सुपर लीग विजेता मुंबई नाइट्स क्लब महाराष्ट्र का पेशेवर क्लब है। इसमें महिला-पुरुष टीमों के लिए अलग-अलग खिलाड़ियों को अनुबंध पर लिया जाता है। यह एक सीजन में चैंपियनशिप और इंडियन सुपर लीग (आइएसएल) जीतने वाला पहला क्लब है।

### पुराने की विदाई...

नए साल का जश्न और साल की विदाई आनंद और खुशनुमा माहौल में होना चाहिए। किसी भी तरह की हुड़दंग और छेड़छाड़ जैसी घटनाएं न होने पाए इसके लिए सभी को सर्तक रहना होगा और यदि ऐसा कोई मामला आता है, तो तुरंत पुलिस में खबर देनी होगी। जिसके चलते सप्ताहभर से चित्रकोट में भीड़ है लेकिन किसी तरह की कोई वारदात नहीं हुई। वहीं इस बार चित्रकोट थाना के सामने स्टापर लगाकर वाहनों को ग्राउंड में खड़ा किया जा रहा है जिसके चलते आने जाने वालों को असुविधा नहीं हो रही है। वहीं समिति के सदस्यों को भी अच्छी खासी कमाई हो रही है। पुलिस प्रशासन ने पहले से ही जलप्रपात के नजदीक लोग पहुंच न पाए इसके लिए तार के फेंसिंग लगाए हैं। पूर्व में वाटर फॉल के नजदीक दुर्घटना होने से एहतियात बरती गई है।

पैकेज बनाकर सभी जगह का आनंद

होम स्टे के संचालक विजय गुप्ता ने बताया कि बाहर से आने वाले पर्यटक बस्तर के सभी जगह का आनंद लेने के लिए पैकेज के हिसाब से यात्रा कर रहे हैं। जिसमें चित्रकोट, तीरथगढ़, कुटूमसर, दंतेवाड़ा और बारसूर शामिल है। सुबह से शाम तक इन सभी जगहों का दीदार कर लोग सुरक्षित विश्राम स्थल में पहुंच जाते हैं। पर्यटन केंद्र, हरीभरी वादियां, जलप्रपात, गुफा, बस्तर की आराध्य देवी का दर्शन और बारसूर में रियासतकालीन प्राचीन महत्व के स्थलों के दर्शन और विशाल भगवान गणेश की मूर्ति को देखने का अवसर लोग एक साथ कर लेते हैं।

शहर के सभी होटल कारोबारी खुश

होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष जतीन जायसवाल ने बताया कि शहर के छोटे बड़े लगभग 3 दर्जन होटलों के सभी कमरे फुल हैं। कोरोना काल के बाद इस साल बस्तर में बाहरी पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। पहले से ऑन लाइन बुकिंग के अलावा यहां आकर भी होटलों में लोग ठहरे हुए हैं। सभी होटल, लॉज बुक होने से कारोबारियों को फायदा हुआ है। वैसे भी हर साल सबसे अधिक पश्चिम बंगाल के पर्यटक बस्तर आते हैं। इस साल भी वहां से ही सर्वाधिक लोग पहुंचे हैं। कोलकाता हावड़ा से सीधे रेल लाइन होने के कारण लोगों का बस्तर आना जाना लगा रहता है। विशेषकर दिसंबर महीने में संख्या बढ़ जाती है।

### जूडो के ब्लैक बेल्ट...

पदस्थ हैं। वर्ष 2013 में ऑल इंडिया स्तर जूडो का ब्लैक बेल्ट की उपाधि मिला, जो बस्तर संभाग की इकलौती ब्लैक बेल्ट बालिकाओं में प्राप्त किया है। यह सब उपलब्धि का श्रेय माता सनबती एवं कोच अब्दुल मोईन को दिया। साथ ही उसकी माता एक मजदूर होने के बावजूद जूडो कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त करवाया।

15 प्रतिभावान स्कूलों में बने शिक्षक

बस्तर जिला जूडो संघ के सचिव एवं कोच अब्दुल मोईन ने बताया कि कविता सहित जूडो के लगभग 15 प्रतिभावान स्कूलों में शिक्षक बने। अभी बच्चों को जूडो, कराते में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भेज रहे हैं, जो पदक ले रहे हैं।

### कौन कहता है बस्तर के...

की। इस इलाके के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला में अध्ययनरत पहली से आठवीं के बच्चे गुरुजी के कठिन अंकगणित के मौखिक सवाल का जवाब कैलकुलेटर से हल करने के पहले जवाब देते हैं। यह सब चमत्कार नारायणपुर के कलेक्टर के प्रयास से जिला शिक्षाधिकारी राजेंद्र झा ने अमलीजामा पहनाया। डीईओ झा इसके लिए कलेक्टर अजित बसन्त के मार्गदर्शन में मास्टर माइंड एबेकस अकैडमी के शिक्षकों ने प्रशिक्षण देकर पूरा किया। ओरछा के सैकड़ों बच्चे पिछले दिनों बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय एबेकस स्पर्धा में सम्मलित हुई। जगतु महारा हायर सेकंडरी स्कूल (बस्तर हाई स्कूल) में 24 दिसम्बर को बस्तर संभाग के 7233 स्कूली बच्चे भाग लिए। जिससे 427 बच्चों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। इन 427 प्रतिभागियों ने अपनी उच्चतम क्षमता और ज्ञान का प्रदर्शन करके इस अद्वितीय मुकाबले में उत्कृष्टता प्राप्त की। जिन्होंने अलग-अलग स्तरों के लिए 100 प्रश्नों को 15 मिनट की समय सीमा में हल करने का प्रयास किया।

एबेकस राज्य स्तरीय स्पर्धा में धूर नक्सल प्रभावित जिलों से पहुंचे शासकीय स्कूलों के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्यतः नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के छात्रों ने राष्ट्रीय एबेकस प्रतियोगिता के लिए अपनी स्थान पक्की की। साथ ही बस्तर, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर जिले के आवापल्ली विकासखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के छात्रों ने बड़ी संख्या में बच्चे सफलता प्राप्त की है। जिसमे जिला प्रशासन नारायणपुर व बीजापुर का अविश्वसनीय योगदान रहा, जिनके माध्यम से बच्चे राष्ट्रीय स्तर कि प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं।

शहरी क्षेत्र के स्कूली बच्चों को दे रही चुनौति

नारायणपुर और बीजापुर जैसे अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चों में गणित जैसे कठिन विषय का हल जिस आसानी से करते है, यह शहरी क्षेत्र के स्कूली बच्चों के लिए चुनौती साबित होगा। पहली से आठवी क्लास के बालक-बालिकाएं भले ही शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत है, लेकिन इनके हौसले महानगरों के चमचमाती प्राइवेट स्कूलों के बच्चों से ज्यादा बुलंद है। इस क्षेत्र की मोनी, शिवानी और अंजू ने बताया हमारे पास गणित के सवाल को बिना कैल्कुलेटर से हल करना चुनोती साबित हो रहा था। स्कूल के शिक्षको के मास्टर माइंड एबेकस एकेडमी भोपाल के मास्टर ट्रेनरों ने बच्चों को प्रशिक्षित कर उनके दिमाग को मजबूत करने में सफल हुए। बच्चों ने कहा गणना पत्र जिससे जोड़-घटाना, गुणा और भाग आसानी से कर लेते हैं।

## डीएमएफ से स्वीकृत कार्यों पर भाजपा सरकार ने लगाई रोक

# करोड़ों के बंदरबांट पर सरकार की नकेल

## कमीशनखोरी की भेंट चढ़ चुके निर्माण कार्यों पर रोक से ठेकेदारों मे हड़कंप

लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के एक अहम फैसले ने प्रशासनिक अमलों के साथ-साथ ठेकेदारों में हड़कंप मचा दिया है। डीएमएम मद से स्वीकृत ऐसे कार्य जो प्रारंभ नहीं हुए है या फिर प्रक्रिया में है उसे तत्काल प्रभाव से रोकने के आदेश का असर दिखने लगा है। जिला निर्माण समिति सहित अन्य एजेंसियों द्वारा ऐसे सभी कार्या की जानकारी दिऐ जाने की खबर है।

सुकमा जिला वर्ष 2023 में डीएमएफ मद को लेकर सुर्खियों में रहा है। यहां से स्वीकृत करोड़ो के निर्माण कार्यो की बंदरबांट से जहां विपक्ष ने भी सरकार के खिलाफ हल्ला बोला थो लेकिन कांग्रेस के बड़े प्रभावशाली नेताओं के दबाव के आगे प्रशासनिक अमला भी मौन स्वीकृति के साथ चुप्पी साध बैठा। वही हाल ही में भाजपा सरकार के सत्तासीन होने के बाद डीएमएफ से स्वीकृत ऐसे कार्य जो प्रोसेस में है या कार्य प्रारंभ नहीं हुए है उसे तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के आदेश के बाद प्रशासनिक अमलों के साथ-साथ ठेकेदारों में भी हड़कंप व्याप्त हो गई है। भाजपा सरकार ने सत्तासीन होने के चंद दिनों के भीतर ही आदेश जारी करते हुए कहा कि डीएमएफ से स्वीकृत कार्य जो प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए अप्रारंभ कार्यों की पुनः समीक्षा और शासी परिषद के अनुमोदन के अनुसार ही होगी। शासन के आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि अग्रिम कार्यवाही डीएमएफ शासी परिषद की बिना प्रशासकीय स्वीकृति के कोई नया कार्य प्रारंभ नहीं करने के निर्देश के साथ-साथ जिले के सभी नवनिर्वाचित विधानसभा सदस्य, डीएमएफ शासी परिषद के पदेन सदस्य होंगे। छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015 (यथा संशोधित) अन्तर्गत कलेक्टर–सह– अध्यक्ष, जिला खनिज संस्थान न्यास/शासी परिषद द्वारा ऐसे कार्य जिन्हें प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, परन्तु कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, ऐसे अप्रारंभ कार्यों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाये। शासी परिषद् द्वारा ऐसे अप्रारंभ कार्य की पुन समीक्षा की जाए। तत्पश्चात शासी परिषद के निर्णय/अनुमोदन अनुसार ही अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जाए। कलेक्टर सह–अध्यक्ष, जिला खनिज संस्थान न्यास द्वारा शासी परिषद के बिना प्रशासकीय स्वीकृति के कोई भी नये कार्य प्रारंभ नहीं किए जाएं।



### सभी कार्यो पर ब्रेक

सुकमा कलेक्टर हरीस एस ने कहा कि चुनाव आचार संहिता से ही सुकमा जिलें में सभी कार्यो पर हमने रोक लगा दिया था। हालांकि शासन के आदेश पर अमल करते हुए ऐसे सभी कार्य जो कि डीएमएफ मद से स्वीकृत हुए है उसकी विभागवार जानकारी मंगा ली गई है जैसे ही शासन से नया आदेश प्राप्त होगा उसी के हिसाब से कार्य प्रारंभ किया जावेगा।



### जिला निर्माण समिति रहा सुर्खियों में

वैसे जिला निर्माण समिति भले ही पूर्व के कई वर्षो से ही एक खास अधिकारी के वजह से सुर्खियों में रही हो लेकिन सबसे ज्यादा 2023 में उक्त एजेंसी ने सुर्खिया बटोरी है। गोपनीय टेंडर से लेकर भई भतीजावाद ने कई करोड़ों के कार्यो का बंदरबांट कर शासन को करोड़ों का चुना लगाया गया है। हालांकिन जिला निर्माण समिति के क्रियाकलाप को लेकर क्षेत्र की भाजपा व भाकपा ने भी कई दफे मामले को प्रशासन के समक्ष रखा लेकिन प्रशासनिक अमलों ने कोई तव्वोजब नहीं दिया।

### हो चुका था बंटवारा

डीएमएफ मद से सुकमा जिले में स्वीकृत करोड़ों के कार्य जिस पर भाजपा सरकार ने रोक लगाई है, उक्त सभी कार्यो का बंटवारा हो चुका था। सुत्रों ने बताया कि कई कार्यो के कमीशन तक ठेकेदार दे चुके है जो कि करोड़ों में है। एक ठेकेदार ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अगर कार्य यथावत प्रारंभ नहीं हुए तो जो कमीशन दिया गया है उसकी भरपाई होना मुश्किल है और दुबारा निविदा आमंत्रित किये जाने की स्थिति में उक्त कार्य में प्रतिस्पर्धा बढ़ जायेगी।

### जिला निर्माण के ये कार्य

सुकमा जिले में सुर्खियों में रहने वाले जिला निर्माण समिति में वैसे तो कई कार्यो की जानकरी चौथे स्तंभ तक नहीं पहुंच पाती थी लेकिन प्राप्त कार्यो की सूची में मानकापाल से नागलगुण्डा सड़क पुलिया 98 लाख, काकड़ीआमा से रानीबहाल पुलिया 1 करोड़, एनएच 30 से कोसागुड़ा पहुंच मार्ग 3.86 करोड़, जिला मुख्यालय में लाईब्रेरी भवन 1.42 करोड़, आवासपारा रोड़ 59 लाख, 50 सीटर पोस्ट मेट्रिक हास्टल 2.51 करोड़ सहित 14 प्राथमिक शाला भवन निर्माण जो कि 20 लाख के थे उसे फिलहाल ब्रेक कर दिया गया है। इसी तरह आरईएस व अन्य विभागों मे भी 20 करोड़ के लगभग कार्यो पर वर्तमान सरकार के चलते रोक लगाने पर विभाग को मजबुर होना पड़ा है।

### डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों में कमीशनखोरी


सुकमा जिले में डीएमएफ मद से स्वीकृत करोड़ो के कार्यो में कमीशनखोरी ने सारे रिकार्ड तोड़ दिये। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नाम से 10 से 15 फीसदी कमीशन के बाद भी अधिकारियों के नाम पर 15 फीसदी अलग से कमीशन लिया जाता रहा है। सुत्रें के अनुसार कार्य स्वीकृत होने से पहले ही कमीशन तय हो जाता था कि किस कार्य में कितना कमीशन देना होगा। बताया जाता है कि उक्त कार्य जनप्रतिनिधियों के बंगले से शुरू होकर जिला निर्माण के कार्यालय में जाकर समाप्त होता था।

# खरीदी केंद्र में खपाया जा रहा ओड़िशा का धान

### कचनार केंद्र में लिया जा रहा है अधिक धान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



बकावंड विकासखंड अंतर्गत कचनार धान खरीदी केंद्र में किसानों से सूखत के नाम पर अधिक धान लिया जा रहा है। धान खरीदी केंद्र प्रभारी की मिलीभगत से ऐसा हो रहा है। जो किसान अतिरिक्त धान तौले जाने का विरोध करते हैं, उन्हें डराया जाता है। उनके धान को ज्यादा नमी वाला तथा गुणवत्ता विहीन बताकर रिजेक्ट कर दिया जाता है। ऐसे में दूर दराज के गांवों से धान बेचने पहुंचे किसान मजबूर होकर खरीदी केंद्र प्रभारी की बात मानने मजबूर हो रहे हैं। खरीदी केंद्र प्रभारी के रवैए को लेकर किसानों में नाराजगी देखी जा रही है। कचनार गांव ओड़शिा की सीमा से लगा हुआ है।

कचनार समेत आसपास के तथा ओड़शिा के गांवों में दर्जनों धान कोचिया सक्रिय हैं। स्थानीय कोचिए जरूरतमंद ग्रामीणों से 50 किलोग्राम से लेकर दो ढाई क्विंटल तक धान खरीद कर इकट्ठा कर लेते हैं और ज्यादा मात्रा में धान संग्रहित हो जाने पर उसे कचनार के खरीदी केंद्र में खपा देते हैं। इसी तरह ओड़शिा के कोचिए और व्यापारी वहां से ट्रेक्टरों व पिकअप वाहनों में भरकर लाए गए धान को इस खरीदी केंद्र में बेच लेते हैं। उनके धान को स्थानीय किसानों के नाम पर खरीदा जाता है। खरीदी केंद्र प्रभारी ललिता राव से चर्चा करने पर वह इस संवाददाता पर बिफर पड़ी और धमकाते हुए कहने लगीं कि आप हमारे धान खरीदी केंद्र में किसका परमिशन लेकर आए हो। खरीदी केंद्र प्रभारी अपने स्टॉफ और किसानों से भी अभद्र व्यवहार करती हैं। उनके इस बेरूखे व्यवहार से किसान व स्टाफ भी परेशान हैं। खरीदी प्रभारी ने यह भी कहा कि कोई भी आए पहले परिचय देते हैं उसके बाद खरीदी केंद्र में घुसने की इजाजत दी जाती है। बाद में थोड़ा नरम पड़ते हुए खरीदी केंद्र प्रभारी ने कहा कि थोड़ा बहुत तो झूकत लेना पड़ता है। बाद में धान सूख जाता है तो इसकी भरपाई कैसे होगी? वहीं जिला सहकारी बैंक के मैनेजर श्री पांडे ने अतिरिक्त धान तौले जाने के सवाल का कोई जवाब नहीं दिया।

### पता करवाता हूं

सूखत की वजह से तय मात्रा में ही अतिरिक्त धान लिया जाता है। अगर कचनार खरीदी केंद्र में ज्यादा अतिरिक्त धान लिया जा रहा है, तो पता करवा लूंगा।

-श्री नायक,
लेम्पस प्रबंधक, कचनार

## प्याज व मटर 40 रूपए किलो में बिक रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर के साप्ताहिक बाजार परिसर इन दिनों ठंड बढ़ने से सब्जियों से भर गया, इस रविवार को शहरीय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के खरीददार पहुंचे। बाजार में प्याज 40 रूपए एवं मटर 40 रूपए किलो बिक रहा है।

प्याज महंगा होने से गृहणियों का बजट प्रभावित हो रहा है, प्याज की आपूर्ति मुख्य रूप से महाराष्ट्र नासिक, अहमदानगर और इंदौर से हो रही है। टमाटर 20, फूलगोभी 50, पत्तागोभी 30-40, हरी मिर्च 60, भिंडी 100, भट्टा 60, बरबटी 60, भिंडी 80, करेला 80, आलू 25, अदरक 180, लहसून 180 रुपए किलो, लालभाजी, पालकभाजी एवं मैथी 20 रूपए में 8 जूड़ी बिक रही है।

## भाजपा की सरकार आने के बाद अपराधियों के हौसले बढ़े : विक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



बीते शुक्रवार को नेलसनार में एक महिला की आग में जलने से हुई मौत की घटना को गंभीरता से लेते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने घटना की जानकारी लेने और शोक संतप्त परिवारजनों से मिलने शनिवार को स्वयं नेलसनार पहुँचे।

उन्होंने शोकसंतप्त परिवार से मिलकर ढाढ़स बँधाया और घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और घटना की संपूर्ण जानकारी लिया है। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से प्रदेश में अपराधियों के हौसले बड़े है। वहीं दूसरी और प्रदेश की भाजपा सरकार अब तक मंत्री मंडल बनाने में ही उलझी हुई है। आम लोगों को सुरक्षा देने में भाजपा सरकार पूरी तरह नाकाम है। विधायक विक्रम मंडावी ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि नेलसनार में हुई घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही करे और पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और उचित मुआवजा दे।

# 195वीं बटालियन ने सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत आवश्यक सामग्रियों का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

195वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा थाना मालेवाही के ग्राम बोदली में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम-बोदली एवं आस-पास के गावों टेटम, सालेपाल और घोटिया के काफी संख्या में पुरूष एवं महिलाऐ तथा बच्चे सम्मिलित हुए। ग्रामीणों को सोलर लैम्प, सोलर स्ट्रीट लाईट, खेल-कूद का सामान, वाटर स्टोरेज टैंक, कम्बल, मच्छरदानी, छाता, फावड़ा व खेती करने का सामान का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को देश और क्षेत्र के विकास योजनाओं की ताजा हालात से रूबरू कराने एवं भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे लाभान्वित योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समाज के मुख्य धारा से भटके युवाओं को मुख्य धारा में लाने एवं हिंसा छोड़ शान्ति और विकास के रास्ते पर चलने के लिये ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजीव कुमार कमाण्डेंट 195 बटालियन द्वारा ग्रामीणों तथा नवयुवकों को हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्य धारा से जुडने तथा भारत सरकार द्वारा चलाये जा रही योजनाओं से लाभान्वित होने के बारे में जागरूक किया गया। सिविक एक्शन कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी सराहनीय रही तथा ग्रामीणों ने मौके पर उपस्थित सीआरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानों के कार्य की सराहना की। इस दौरान 195वीं बटालियन के सुभाष चंद प्रसाद द्वितीय कमान अधिकारी, सतीश सांगवान उप कमां एवं जफर आलम सहा कमा के साथ बटालियन के कई जवान भी उपस्थित रहे।

**कार्यालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बकावण्ड, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202307150800061/387/ब-121/2023-24

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिए आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कैलाश भारती पिता स्व. कमलोचन जाति भतरा निवासी ग्राम ईरिकपाल तहसील बकावण्ड जिला बस्तर ने अपने पिता जी स्व. कमलोचन पिता स्व. सोनूराम ग्राम ईरिकपाल तहसील बकावण्ड जिला बस्तर का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः आवेदक के पिता जी स्व. कमलोचन पिता स्व. सोनूराम ग्राम ईरिकपाल तहसील बकावण्ड का मृत्यु दिनांक 12/07/2010 (बारह जुलाई सन दो हजार दस) को ग्राम ईरिकपाल तहसील बकावण्ड जिला बस्तर में हुआ है। आवेदक कैलाश भारती पिता स्व. कमलोचन जाति भतरा निवासी ग्राम ईरिकपाल तहसील बकावण्ड जिला बस्तर को अपने पिता जी स्व. कमलोचन पिता स्व. सोनूराम ग्राम ईरिकपाल तहसील बकावण्ड जिला बस्तर का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 08/01/2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त अभ्यावेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 20/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**बकावण्ड जिला-बस्तर**

## ग्राम पंचायत बारदा में लोगों ने सुनी मन की बात



बकावंड। पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने हेतु कार्यक्रम का आयोजन भाजपा बकावंड मंडल के उपाध्यक्ष रामजी नायक की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत बारदा में किया गया। ग्रामीणों ने मोदी की बातों को ध्यान पूर्वक सुना और सराहा। इस दौरान किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य जितेंद्र पाणीग्रही, ग्राम पंचायत बारदा के सरपंच कमल मौर्य, उप सरपंच शसज्जन लाल, फालगू राम चौहान, घसुराम शैसिंग, सुरज चौहान, रेखा नायक, रामलाल चौहान, काशी नायक, सुकरु कश्यप, कैलाश पठेल, नरसिंह बधेल, एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बंसल नर्सिंग होम फर्टिलिटी सोनोग्राफी एवं
एडवांस आई केयर सेन्टर
अति आधुनिक सर्व सुविधायुक्त नेत्र चिकित्सालय
लेजर एवं फेको
नेत्र चिकित्सालय
बालाजी वार्ड, जगदलपुर, बस्तर, छग.
फोन- 223589, 9425590111
Happy new Year 2024

सुविधाएं
फेको सर्जरी
मोतियाबिन्द की सर्वश्रेष्ठ विधि फेको है, फेको विधि में 2.8 मि.मि. के छोटे से चीरे द्वारा फोल्डेबल लैंस का प्रत्यारोपण कर तुंरत छुट्टी दी जाती है (इनमें भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती)
ग्रीन लेजर
डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, सिकलसेल के मरीजों को रेटीना में खून के धब्बों का विशेष इलाज (मरीजों को भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती है)
फ्लोरोसिन एंजियोग्राफी
डायबिटिक रेटिनोपेथी, मेक्यूलोपेथी व उम्र के कारण परदे की बिमारी की फोटोग्राफी की सुविधा
यॉग लेजर
कांच बिन्द एवं मोतियाबिन्द झिल्ली का विशेष इलाज
नेत्र परीक्षण
जापानी कम्प्यूटर द्वारा नेत्र परीक्षण व नम्बर जांच की सुविधा
कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण
मल्टीफोकल फोल्डेबल लैंस प्रत्यारोपण
साइनेप्टोफोर
तिरछापन व नेत्र पेशियों की कमजोरी का इलाज व एक्सरसाइज
सोनोग्राफी
बी. स्केन. कलर डापलर
कॉन्टेक्ट लैंस
सॉफ्ट एव रंगीन लैंस

डॉ. मनीष बंसल
M.S (Ophthalmology)
नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको एवं लेजर सर्जन
रजि. नं.- CGMC 9715/2020
पूर्व असिस्टेन्ट प्रोफेसर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह महारानी हॉस्पिटल

- अत्याधुनिक जापनी कम्प्यूटर NIDEK (आटोरिफ्रेक्टर) द्वारा आंखों की जांच एवं चश्में की जांच
- मोतियाबिंद का फेको पद्धति एवं फेको मशीन से बिना टाँका ऑपरेशन द्वारा लैंस प्रत्यारोपण (IOL)
- रैटिना (पर्दा) की पूरी जांच एवं इलाज (90-D Slit Lamp Biomicros-copy. Indirect Ophtholmoscopy)
- Synaptophore द्वारा आँखों के भैगेपन (Squint) की जाँच एवं आँखो के विशेष व्यायाम
- Non Contact Tonometer द्वारा आँखों के दबाव की अत्याधुनिक जाँच (INTRAOCULAR PRESSURE)
- कालापानी (ग्लूकोमा) कीक जाँच, इलाज एवं ऑपरेशन
- कम्प्यूटराईज्ड ऑटोमेटिक पैरीमीटरी द्वारा आँखों की नस एवं दायरे (विजुअल फीड) की विस्तृत जाँच
- B-Scan (कलर डाप्लर) A-Scan, केरोमीटर (Kerotometer) एवं कांटेक्ट लैस सुविधा

बंसल नर्सिंग होम थ्री-डी कलर सोनोग्राफी एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर, बालाजी वार्ड, जगदलपुर, फोन- 07782-224020/ 231882

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

JDP_BHOOMI_01_2023-04_Layout 1 12/31/2023 10:54 PM Page 1



# छत्तीसगढ़ में विश्वकर्मा आयोग के गठन की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश बने हुए लगभग 23 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन सरकार मे समाज की सहभागिता नहीं है। छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा मय (बढ़ई), मनु (लोहार) कल्याण संघ ने

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिला विश्वकर्मा मय, मनु कल्याण संघ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव से भेंट कर विश्वकर्मा आयोग के गठन की मांग रखी है। उन्हें अवगत कराया कि पूरे छत्तीसगढ़ में विश्वकर्मा समुदाय के लोगों की संख्या लगभग 20 लाख हैं, लेकिन इनके उत्थान हेतु किसी भी प्रकार का कोई बोर्ड का गठन नहीं किया गया है, अन्य राज्यों में विश्वकर्मा आयोग का गठन सरकार द्वारा किया गया है। विश्वकर्मा समाज मांग की कि छत्तीसगढ़ में विश्वकर्मा आयोग का गठन करवाने की विशेष पहल करें, जिससे समाज के लोगों का मनोबल बढ़ेगा और सरकार में समाज के लोगों की सहभागिता बनी रहेगी। विश्वकर्मा समाज के लोग पूरे छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में ग्राम, कस्बों, शहरों में निवास रहता है, जो पिछड़ी जाति के अंतर्गत आते हैं, उनके विकास हेतु विश्वकर्मा आयोग के गठन की अति आवश्यकता है। विश्वकर्मा आयोग के गठन से समुदाय के लोगों की सहभागिता सरकार में होगी और उनके उत्थान हेतु विशेष प्रयास किया जा सकता है। जनप्रतिनिधियों से मुलाकात के समय भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सभापति नगर निगम रायपुर, समाज के संरक्षण प्रफुल्ल विश्वकर्मा, डॉ. माणिक विश्वकर्मा, रायपुर जिला के अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा, विश्वकर्मा वंशी सेना के प्रदेश महामंत्री विजेंद्र शर्मा, छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा मय (बढ़ई), मनु (लोहार) कल्याण संघ अध्यक्ष इंजीनियर परसराम विश्वकर्मा, महामंत्री अजय शर्मा, संयुक्त मंत्री नंदकिशोर पांचाल, मनोहर विश्वकर्मा, रविंद्र शर्मा, योगेंद्र शर्मा, अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी आदि शामिल रहे।

### केदार से भी मिले पदाधिकारी

समाज के पदाधिकारी ने कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप से भी भेंट कर ज्ञापन देकर समाज की मांग उनके समझ भी रखी है।,सभी जनप्रतिनिधियों से आश्वासन मिला है। इस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष बात रखी जाएगी और विश्वकर्मा आयोग के गठन की मांग रखी जाएगी, जिससे आपके समाज के लिए बेहतर कार्य सरकार द्वारा किया जा सके।

## एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के प्रमुख के अनुसार 24 घंटे चालू है सभी ईकाइयां

# 4 महीने में 10 हजार एचआर क्वाईल का उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक एवं प्रमुख के. प्रवीण कुमार ने नववर्ष का संदेश देते कहा कि एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के लिए 2023 महत्वपूर्ण वर्ष रहा है। बस्तर को अपना एकीकृत इस्पात संयंत्र देने का हमारा बहुप्रतीक्षित सपना स्वतंत्रता दिवस पर ब्लास्ट फर्नेस के चालू होने और 24 अगस्त को एचआर क्वाईल उत्पादन शुरू होने के साथ पूरा हुआ। नगरनार में एकीकृत इस्पात संयंत्र अब 3 शिफ्टों में काम कर रहा है और इस्पात संयंत्र की सभी इकाइयां चौबीसों घंटे चालू हैं। एक एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार, उत्पादन को धीरे-धीरे बढ़ाया जा रहा है ताकि हम 3 मिलियन टन का उत्पादन कर सकें जो कि हमारे प्लांट की निर्धारित क्षमता (रेटेड कैपेसिटी) है। कमीशनिंग के बाद से 4 महीनों में हमने पांच लाख टन से अधिक गर्म धातु और 2 लाख टन से अधिक लगभग 10 हजार एचआर क्वाईल का उत्पादन किया है। नगरनार स्टील प्लांट के





एचआर क्वाईल को घरेलू बाजार में स्वीकृति मिल गई है। नगरनार में भारत के नवीनतम ग्रीन फील्ड स्टील प्लांट में उत्पादित एचआर क्वाईल की गुणवत्ता को उपभोक्ताओं द्वारा सराहा गया। अग्रणी उद्योगों के एचआर क्वाईल उपभोक्ताओं ने हमारे एचआर क्वाईल की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के साथ समझौता पर हस्ताक्षर करने में रुचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि 2024 में हमारा ध्यान उत्पादन को स्थिर करने, परिचालन को सुचारू बनाने और बाधाओं को दूर करने पर होगा। परिचालन दक्षता बढ़ाकर और रख-रखाव के मुद्दों को सक्रिय रूप से संबोधित करके कच्चे माल पर अपने खर्च को कम करने की दिशा में भी काम कर रहे हैं।

दिसंबर के मध्य से दोनों कन्वर्टर्स के संचालन के साथ, 2024 में हम स्टील मेल्टिंग शॉप में तरल स्टील के उत्पादन में समानुपातिक वृद्धि और हमारे थिन स्लैब कास्टर-हॉट् ट्रिप मिल (टीएससी-एचएसएम) में एचआर क्वाईल उत्पादन में भी समानुपातिक वृद्धि की उम्मीद करते हैं। दैनिक उत्पादन में बढ़ोतरी से ग्राहक आधार को बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही 2024 में एचआर क्वाईल के उच्च ग्रेड का उत्पादन करने की भी योजना बना रहे हैं। इन उपायों से 2024-25 में बेहतर प्राप्ति होगी और ब्रेकइवन पॉइंट प्राप्त करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि स्टील प्लांट कमीशनिंग कर एचआर क्वाईल और अन्य उत्पादों के निरंतर उत्पादन ने सहायक उद्योगों के लिए बस्तर में जड़ें जमाने का मार्ग प्रशस्त किया है। बस्तर में स्वच्छ और सुरक्षित इस्पात का उत्पादन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्य प्रशासन, स्थानीय जनता और मीडिया के समर्थन और प्रोत्साहन के लिए उन्होंने आभार जताते कहा कि बस्तर की संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# नए वर्ष के जश्न के लिए 50 लाख से अधिक के बिके मांस व मदिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नव वर्ष के जश्न के लिए लोगों ने जमकर मांस व मदिरा की खरीददारी की। बाजार का हाल यह था कि

- एक ही दिन में 35 लाख से अधिक की शराब बिकी





रविवार दोपहर होते तक बाजार से देशी मुर्गा गायब हो गया। वहीं सरकारी शराब की दुकानों के रेक भी खाली होने लगा था। एक आंकड़े के मुताबिक एक ही दिन में बस्तर की शराब दुकानों से शौकीनों ने 35 लाख रूपए से अधिक की शराब खरीदी वहीं 15 लाख रूपए से अधिक की बकरा व देशी व बायलर मुर्गा की लोगों ने खरीददारी की।

नए वर्ष के जश्न के लिए लोगों ने सुबह से ही लोगों का शराब व नानवेज की दुकानों में आना शुरू हो गया था। शहर के अलग अलग क्षेत्रों में संचालित मांस की दुकानों में एक आंकड़े के मुताबिक 5 सौ से अधिक बकरे कटे। वहीं देशी मुर्गा लेने के लिए लोगों को कतार में खड़ा होना पड़ा दोपहर होते तक देशी मुर्गे बाजार से गायब हो गए। लोगों ने आम दिनों में 4 सौ रूपए किलो में खरीदी जाने वाले देशी मुर्गे 550 रूपए किलो में खरीदे। देशी मुर्गे की भारी मांग को देखते हुए दुकानदारों ने दोपहर के बाद आस पास के गावों से मुर्गे खरीदकर लाना शुरू कर दिया जिसके बाद शाम तक देशी मुर्गे का यह स्टॉक भी समाप्त हो गया। बकरा व्यवसायी भरत बघेल ने बताया कि दोपहर तक उसकी दुकान से 50 से अधिक बकरे की बिक्री हो चुकी थी वहीं जश्न के चलते लगभग इतने ही बकरे और बाधें गए थे और मांस का बाजार रात तक गुलजार रहा।

### शाम होते तक शराब दुकानों के काउण्टर होने लगे खाली

शहर व बाहरी क्षेत्र नगरनार में संचालित अग्रेंजी शराब दुकान में शाम होते होते काउण्टर खाली होने लगे। शहर के चांदनी चौक, नए बस स्टेण्ड मार्ग, करगोंली, गीदम मार्ग व नगरनार स्थित अग्रेंजी शराब दुकान से नए साल के जश्न के लिए लोगों ने शराब की जमकर खरीददारी की। आलम यह था कि शाम होते होते इन दुकानों के काउण्टर खाली होते गए। एक आंकड़े के मुताबिक इन दुकानों में एक ही दिन में 35 लाख रूपए से अधिक के शराब की खरीददारी की गई। इस सबंधं में जानकारी लेने आबकारी विभाग के डीईओ से सम्पर्क का प्रयास किया गया लेकिन उनसे सम्पर्क नहीं हो सका लेकिन दुकानों में तैनात सेल्समेनों की माने तो शाम होते तक एक एक दिकान से 5 से 10 लाख रूपए तक की शराब बेचे जा चुके थे।

# विधायक विनायक गोयल ने किया मां दंतेश्वरी दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

चित्रकोट विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक विनायक गोयल ने बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन करने दंतेवाड़ा पहुंचे। भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने विधायक का गीदम में भव्य स्वागत किया। विधायक ने देवी दर्शन के साथ पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। विधायक ने भाजपा गीदम मण्डल अध्यक्ष राजेश कश्यप के घर पहुंचकर परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान नविन विश्वकर्मा, धीरेन्द्र प्रताप, दुर्गा सिंह चौहान, राकेश कुशवाहा, मनीष सुराना, मण्डल अध्यक्ष राजेश कश्यप, राजा गुप्ता, रामु नेताम, श्रवण कड़ती, अनिल जॉर्ज, श्याम सिंह, राहुल असरानी, कुणाल ठाकुर, ममता गुप्ता, सरपंच उमेश कश्यप, रजनीश सुराना, सुजीत ठाकुर, साजन सिंह, दिनेश कौशल, वीरेश मिश्रा, चन्दन ध्रुव, निखिल नाग, शम्भू यादव, बृजेश राणा, शिव, राजेंद्र स्वाई, हरमिंदर सिंह, अनीश जार्ज, शैलेन्द्र सिंह, अमित अधिकारी, रोशन शर्मा, नीरज शर्मा एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दलपत सागर में दलपत देव की आदमकद प्रतिमा स्थापित हो



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

14 जून 2022 को बस्तर जिले के पूर्व कलेक्टर रजत बंसल ने अपने निवास में नगर के बुद्धिजीवियों, साहित्यकारों, पत्रकारों को निमंत्रित किया था कि वे सुझाव देवें जिससे नगरीय सौंदर्यीकरण को स्वच्छ रूप मिल सके। बस्तर अंचल के हल्बी भतरी रचनाकार जोगेन्द्र महापात्र जोगी ने कहा था कि नगर के प्रत्येक वार्ड या 2-3 वार्डों से किसी एक वार्ड में गार्डन का निर्माण, रंग संस्था अथवा सांस्कृतिक भवन के साथ ही एक साहित्य सदन का निर्माण, दलपत सागर के मध्य में स्थित भूपालेश्वर मंदिर के बाजू में रिक्त भूखंड में महाराजा दलपत देव का आदमकद प्रतिमा निर्माण, बाहिर मठ लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में एक ऐसे आश्रम का निर्माण जहां आध्यात्मिक, धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हो सके और वहां साधु संत, भटकते अतिथि को स्थान प्राप्त हो सके। ऐतिहासिक राजघाट की दयनीय स्थिति, रूकने के लिए शेड जो मृत अवस्था में है और यह मार्मिक वातावरण जो देश में कही नहीं है। इस राजघाट का उद्धार जो पर्यटकों के लिए दर्शनीय हो। दलपत सागर अपने नाम के साथ दो और सागर पुड़न तरई, झार तरई को समाया हुआ है इन दोनों सागरों का नामोल्लेख भी दलपत सागर के साथ हो। दलपत सागर के दाहिनी ओर धरमपुरा रोड का नाम समुंद देवी (महाराजा दलपत देव की महारानी) के नाम से पट्टिका हो। पुराने साहित्यकारों, रंगकर्मियों, खिलाड़ियों के नाम से चौक-चौराहों, शासकीय संस्थानों का नामकरण हो, जगदलपुर नगर में 4 ऐतिहासिक शालाएं हैं पुत्री शाला, इंदिरा गांधी नगर पालिका, सदर शाला, अंजुमन उर्दु स्कूल, विवेकानंद प्राथमिक शाला इसमें से दो शालाओं क्रमांक-1 और 2 में शताब्दी समारोह हुए हैं। अंजुमन स्कूल, विवेकानंद प्राथमिक शाला में शताब्दी समारोह हो। गोल बाजार (गेयर मार्केट) के दक्षिणी द्वार को यथावत रखकर उसे भव्य रूप दिया जावे। नाम पट्टिका को सुरक्षित रखा जाए। गांधी स्थल का नामावली वर्णन, ऐतिहासिक वर्णन पट्टिका तैयार किया जावे। नगर के जिन-जिन स्थानों में शौचालय, मुत्रालय था उसके लिए कार्रवाई कर पुनः शौचालय, मुत्रालय बनाया जाए। लोक साहित्यकार ने विश्वास व्यक्ति किया है कि वर्तमान जिला प्रशासन इन बिंदुओं पर कार्रवाई करेगी।

# बाइक से कर रहा था गांजा की तस्करी ओडिशा का तस्कर समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

गांजा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नगरनार पुलिस ने बाईक से गांजा की तस्करी कर रहे ओडिशा के तस्कर समेत दो आरोपी को

- नगरनार पुलिस ने ओडिशा सीमा में जांच के दौरान पकड़ा
- आरोपी न्यायालय में पेश, भेजे गए जेल



गिरफ़्तार किया है। ओरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया।

सीएसपी विकास कुमार ने बताया कि ओडिशा बार्डर में जांच के दौरान कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से 1.480 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमत 14 हजार 800 रूपए व बाईक क्रमांक ओडी 10 एफ 6101 जब्त किया गया। मामले में आरोपी नवीन पुजारी 39 वर्ष निवासी दाबगुड़ा थाना बिसिंगपुर जिला कोरापुट ओडीशा व मंगल बिसाई निवासी ग्राम टलनार थाना नगरनार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अपने आधिपत्य के मोटरसाइकिल की डिक्की में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर ओडिशा से नगरनार की ओर परिवहन कर रहा है। मामले में गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह ग्राम टलनॉर निवासी मंगल बिसाई को गांजा देने जा रहा था जिसके बाद आरोपी मंगल बिसाई को भी गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

कार्रवाई में निरीक्षक शिवानंद सिंह के अलावा एएसआई सतीश तिवारी प्रधान आरक्षक खेदुराम ठाकुर, आरक्षक भीमसिंह ध्रुव, चंद्र कुमार व सैनिक जगदीश सत्यनारायण की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


# 7 गांव के 6.31 लाख के लिए 108 बकायादार उपभोक्ताओं की कटी लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले बकावंड, करपावंड, मालगांव, बोरपदर, जैबेल, किंजोली, जैतगिरी गांव के 754 उपभोक्ताओं पर 30 लाख 34

- अभियान की टीम ने 208 बकायादार उपभोक्ताओं से 6.33 लाख रूपए वसूला
- विद्युत कंपनी का ग्रामीण क्षेत्र में चल रहा डिस्कनेक्शन अभियान

हजार 343 रूपए बिजली बिल बकाया है। इस पर विद्युत कंपनी ने डिस्कनेक्शन अभियान में जिले के ग्रामीण क्षेत्र में तेज किया गया। इस पर 7 गांव में 6 लाख 31 हजार 097 रूपए बकाया के लिए 108 बकायादार उपभोक्ताओं की बिजली लाईन को काटा गया। उसी दौरान 208 उपभोक्ताओं से लगभग 6 लाख 33 हजार 276 रूपए वसूला गया। अभियान में उप संभाग



बस्तर के सहायक अभियंता नंदलाल काशी के नेतृत्व में राजेश कोमा, विवेक सिंह, अरविंद खोबरागढ़े, पिंकी नाग, राकेश जगत, स्वाती श्रीवास्तव, देव प्रसाद, अजय ठाकुर, कुंदन ध्रुव, सोना राम, राजेन्द्र नेताम, पन्ना अहिरवार एवं हरि मंडावी अपने-अपने कर्मचारियों के साथ सुबह से शाम तक जुटे रहे।

# संकल्प शिविर में दिया गया प्रमाण पत्र और आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन रविवार को जिले के दस ग्राम पंचायत बस्तर विकासखंड के

- शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन पहुंचा दस ग्राम पंचायतों में




इच्छापुर-1, इच्छापुर-2, जगदलपुर विकासखंड के सरगीपाल, तुसेल, विकासखंड लोहंडीगुड़ा के सुलेंगा, मारीकोड़ेर, विकासखंड दरभा के कोयनार, छिंदबहार और विकासखंड बकावंड के मोहलाई नवीन, कींजोली में पहुंचकर शासकीय योजनाओं की जानकारी देने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों की उपस्थिति में राजस्व, खाद्य, कृषि, स्वास्थ्य, पशुधन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। स्कूली बच्चों के द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलवाई। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ग्रामों को ओडीएफ और स्वच्छता के लिए प्रमाण पत्र भी दिए, साथ ही पंचायत को शत-प्रतिशत डिजिटल भू अभिलेखीकरण का प्रमाण पत्र और पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत लाभान्वित हितग्राहियों ने योजना का लाभ लेकर हुए फायदा का अपनी कहानी को आम ग्रामीणों के साथ साझा किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जनसाधारण को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल लगाया गया। जिसमें कृषि के साथ ही पशुपालन, मत्स्यपालन, उद्यानिकी के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड प्रदाय, प्रधानमन्त्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र भरवाया गया। वहीं इन योजनाओं से चयनित हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही दवाई वितरित की गई। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक ने प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के संबंध में किसानों को जानकारी दी। इसके साथ ही हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत मिले लाभ से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी मेरी कहानी-मेरी जुबानी को ग्रामीणों के साथ साझा की। इस दौरान जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

